कार्यालय जिला पंचायत, नारायणपुर (छत्तीसगढ़)

दूरभाष :- 07781-252288 फैक्स 07781-252287, Email : ceozpnarayanpur@gmail.com

–:: संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन ::–

क्रमांक/2420/जि.पं./स्था./2015–16 नारायणपुर दिनांक 15.10.2015

छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय रायपुर के निर्देशानुसार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत स्वीकृत पदों में से जिला एवं जनपद स्तर पर रिक्त अधोलिखित पदों पर निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक 13.11.2015 को सांय 05.00 बजे तक निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र केवल स्पीड/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते है।

क	पद का नाम	एकमुश्त संविदा वेतन	रिक्त पद संख्या	अनारक्षित				योग	अन्य पिछड़ा वर्ग				योग	अनुसूचित जनजाति				योग	अनुसूचित जाति				योग
				मुक्त	महिला	विकलांग	भू.पू. सैनिक		मुक्त	महिला	विकलांग	भू.पू. सैनिक		मुक्त	महिला	विकलांग	भू.पू. सैनिक		मुक्त	महिला	विकलांग	भू.पू. सैनिक	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26
1	तकनीकी सहायक	15600 /-	4	1	-	-	-	1	1	-	-	-	1	2	-	-	-	2	-	-	-	-	-
2	लेखापाल जिला स्तर	10670 /-	1	1	-	-	-	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
3	सहायक ग्रेड–03 जिला स्तर	8880 /-	3	-	-	-	-	-	1	-	-	-	1	2	-	-	-	2	-	-	-	-	-
4	सहायक ग्रेड–03 जनपद स्तर	8880 /-	7	-	-	-	-	-	1	-	-	-	1	4	2	-	-	6	-	-	-	-	-
5	डाटा एन्ट्री आपरेटर जिला स्तर	10670 /-	2	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	2	-	-	2	-	-	-	-	-
6	डाटा एन्ट्री आपरेटर जनपद स्तर	10670 /-	5	1	-	-	-	1	-	-	-	-	-	3	2	-	-	5	-	-	-	-	-
Total -			22	3	-	-	-	3	3	-	-	-	3	11	6	-	-	17	-	-	-	-	-

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी नियम, शर्ते एवं आवेदन पत्र का प्रारूप आदि जिला पंचायत नारायणपुर के सूचना पटल पर एवं वेबसाईड **www.zpnarayanpur.gov.in, narayanpur.gov.in & www.cgstate.gov.in,** पर देखी जा सकती है।

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्ते :–

शैक्षणिक योग्यता एवं चयन हेतु मेरिट अंक :–

कमांक	पदनाम	विवरण	शैक्षणिक योग्यता एवं चयन मेरिट अंक
1	2	3	4
1	तकनीकी सहायक	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	1. बी.ई (किसी भी ब्रांच से) बी.टेक (कृषि अभियांत्रिकी) 2. पॉलिटेक्नीक डिप्लोमा 3. एम.एस.सी. (गणित/भौतिकी) 4. बी.एस.सी. (गणित)
		चयन हेतु मेरिट के अंक	1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए 70 अंक।
			2. शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव :–
			अ. न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव 05 अंक ।
			ब. 05 वर्ष तक अनुभव 10 अंक।
			स. 05 वर्ष से अधिक का अनुभव 15 अंक।
		चयन में प्राथमिकता कम	1. बी.ई/बी.टेक (सिविल/कृषि अभियांत्रिकी)
			2. पॉलिटेक्नीक डिप्लोमा (सिविल ब्रांच से)
			3. बी.ई/पॉलिटेक्लीक डिप्लोमा इंजीनियरिंग (किसी भी ब्रांच से)
			4. एम.एस.सी. (भौतिकी/गणित)
			5. बी.एस.सी. (गणित)
2	लेखापाल	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	1. 55 प्रतिशत, बी. कॉम (अजा/अजजा हेतु 50 प्रतिशत में बी.कॉम)
			हायर सकेण्डरी में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए 20 अंक
			न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता 100 अंकों का Weightage देते हुए 50 अंक
			कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर 15 अंक।
		चयन हेतु मेरिट के अंक	2. शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव :–
			अ. न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव 05 अंक ।
			ब. 05 वर्ष तक अनुभव 10 अंक।
			स. 05 वर्ष से अधिक का अनुभव 15 अंक।
3	सहायक ग्रेड –3	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	1. किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त वि.वि. से किसी भी विषय में स्नातक पाठयक्रम में प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।
			2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण –पत्र।

15X2015

			कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5,000 की (key) डिप्रेशन प्रतिघण्टा की गति। (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी।)
		चयन हेतु मेरिट के अंक	1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत 100 अंकों का Weightage देते हुए 40 अंक।
			2. कम्प्यूटर व प्रायोगिक परीक्षा से प्राप्त मेरिट अंक के आधार पर 100 अंक का Weightage देते हुए 45 अंक।
			3. शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव :–
			अ. न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव 05 अंक ।
			ब. 05 वर्ष तक अनुभव 10 अंक।
			स. 05 वर्ष से अधिक का अनुभव 15 अंक।

4	डाटा एन्ट्री आपरेटर	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उर्त्तीण अथवा कक्षा 10 वीं बोर्ड द्वारा उत्तीर्ण एंव किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण।
			2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण –पत्र।
			कम्प्यूटर में हिन्दी/अंग्रेजी टायपिंग का 8,000 की (key) डिप्रेशन प्रतिघण्टा की गति। (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी।)
		चयन हेतु मेरिट के अंक	1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत 100 अंकों का Weightage देते हुए 20 अंक।
			2. कम्प्यूटर व प्रायोगिक परीक्षा से प्राप्त मेरिट अंक के आधार पर (न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य) 100 अंक का Weightage देते हुए 65 अंक।
			3. शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव :–
			अ. न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव 05 अंक ।
			ब. 05 वर्ष तक अनुभव 10 अंक।
			स. 05 वर्ष से अधिक का अनुभव 15 अंक।

नियम व शर्तें :–

1. संविदा नियुक्ति छ.ग. शासन द्वारा जारी संविदा नियम 2012 में निहित शर्तो के अनुसार की जावेगी।
2. शासन के नियमानुसार आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया है।
3. संविदा नियुक्ति उम्मीदवार के कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 29.02.2016 तक के लिए होगी, तत्पश्चात नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग के आवश्यकता के आधार पर व संविदा नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्ता का आंकलन कर आगे बढ़ाने का निर्णय लिया जा सकेगा। संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयंमेव समाप्त मानी जावेगी।

15/3/2015

4. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी को प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष 18 दिनों का आकस्मिक अवकाश तथा 03 दिवस ऐच्छिक अवकाश की पात्रता होगी। वर्ष के मध्य में नियुक्ति होने अथवा सेवा मुक्त होने पर आकस्मिक अवकाश के पात्रता की गणना पूर्ण महीनों के लिये अनुपातिक आधार पर किया जावेगा। गणना के अपूर्ण दिवस को आगामी पूर्ण दिवस में पूर्णांकित किया जावेगा।

5. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है एवं बिना कारण बताए कभी भी सेवा समाप्त की जा सकती है।

6. संविदा नियुक्ति अवधि में शासन द्वारा निर्धारित संविदा वेतन देय होगा।

7. सेवा समाप्ति के बाद कर्मचारी को किसी भी प्रकार की पेंशन भत्ता या अन्य राशि प्रदान नही की जावेगी।

8. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। समक्ष अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें।

9. क्रमांक 2,3,4,5 एवं 6 में उल्लेखित पद हेतु केवल नारायणपुर जिले के स्थाई निवासी ही आवेदन करें। क्रमांक 1 में उल्लेखित पद हेतु राज्य स्तर से आवेदन स्वीकार किए जायेगें।

10. छ.ग. सिविल सेवा (संविदा भर्ती नियम) 2012 के अनुसार दिनांक 01.03.2013 के अनुसार न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु सीमा 37 वर्ष होना चाहिए, तथा अजा/ अजजा / अपिव /निःशक्त/भूतपूर्व सैनिक आदि के आवेदकों को छ.ग.शासन प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी आयु सीमा में छूट संबंधी आदेश/निर्देश लागू होंगे। सेवा निवृत्त शासकीय कर्मचारियों के लिए अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी।

11. आयु की गणना दिनांक 01.10.2015 के संदर्भ में की जाएगी।

12. आयु संबंधी प्रमाण पत्र के लिए सामान्यतः हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूल अथवा मैट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट प्रमाण पत्र। अन्य प्रमाण पत्र मान्य नही होंगे।

13. अजा/अजजा/अपिव वर्ग के आवेदकों को जाति की पुष्टि हेतु प्राधिकृत अधिकारी तहसीलदार / अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी प्रमाण पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

14. आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंक सूची शासन के राजपत्रित अधिकारी एवं स्वप्रमाणित होने चाहिए। वांछित प्रमाण पत्र नही होने पर आवेदन अमान्य कर दिया जावेगा। इसके लिये आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।

15. यह नियुक्ति माननीय न्यायालय द्वारा पारित रिट पीटिशन क. (सी) 591/2012,592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 के अंतिम आदेश/निर्णय के अध्याधीन होंगी।

16. आवेदन पत्र प्रारूप के अनुसार ए –4 साईज आकार के कागज पर आवेदन करें। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से साफ–साफ अक्षरों में भरा जाना चाहिये। आवेदन पत्र में पासपोर्ट साईज का स्वयं सत्यापित रंगीन नवीनतम फोटो चिपकाना एवं स्वयं का पता लिखा दो लिफाफा (5 रू. डाक टिकट के साथ) संलग्न करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन एवं सीधे प्राप्त आवेदन स्वीकार्य नही होंगे।

17. प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन किया जाना अनिवार्य होगा। लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है, स्पष्ट उल्लेख किया जावे । अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जावेगा एवं आवेदन निरस्त कर, दिया जावेगा। जिसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।

18. शासकीय, अर्द्धशासकीय, स्वशासी संस्थानों में नियमित पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को अपने नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

19. आवेदक का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करें।

20. आवेदन पत्र कार्यालय में सीधे स्वीकार नही किये जायेंगे। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट से ही स्वीकार होंगे। आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ, एवं 5 रूपये का डाक टिकट लगा हुआ 2 लिफाफा भी संलग्न करें।

21. **आवेदक जो पात्र नही होंगे :–**

i. जिन आवेदकों की 02 से अधिक संताने हों, जिनमें से 01 का जन्म 26.11.2011 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नही होगा।

ii. महिलाओं के लिए 18 वर्ष एवं पुरूषों के लिए 21 वर्ष से कम आयु में विवाह करने वाले उम्मीदवार नियुक्ति के पात्र नहीं होगें। ऐसे उम्मीदवार आवेदन न करें।

22. **चयन प्रकिया** :– विज्ञापित प्रत्येक पद के लिए आवेदक का चयन तैयार की गई मेरिट सूची के अनुसार किया जावेगा।

i- प्राप्त आवेदनों के संबंध में अधोहस्ताक्षरकर्ता के आदेशानुसार बनाई गई परीक्षण समिति/चयन समिति/मूल्यांकन समिति का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

ii- प्राप्त आवेदन पत्रों की सूक्ष्म जांच की जाकर मेरिट सूची तैयार की जावेगी। पद के आवश्यकतानुसार उपयुक्त संख्या में उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा हेतु आंमत्रित किया जावेगा।

iii- तैयार मेरिट सूची से अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण पत्रों की जांच, कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार हेतु बुलाया जायेगा एवं कौशल परीक्षा में अनुपस्थिति की दशा में उन्हें अपात्र माना जाएगा।

vi- प्रमाण पत्रों की जांच/ कौशल परीक्षा /साक्षात्कार के उपरांत योग्य अभ्यर्थी की नियुक्ति का आदेश नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा जारी किया जावेगा।

23. विज्ञापित पदो की संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

24. आवेदक का आवेदन दिनांक 13.10.2015 को सायं 5.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीड डाक से जिला पंचायत नारायणपुर को अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए।

25. प्राप्त आवेदनों के संबंध में अधोस्ताक्षरकर्ता का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

26. नियुक्ति आदेश के पूर्व समस्त मूल प्रमाण पत्रों की जांच सही पाये जाने पर ही नियुक्ति आदेश प्रदान किया जावेगा।

27. नियुक्ति के पश्चात् जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अयोग्य पाये जाने की स्थिति में नियुक्ति स्वतः निरस्त मानी जावेगी।

15/10/15

कलेक्टर
जिला – नारायणपुर

कार्यालय जिला पंचायत नारायणपुर, जिला – नारायणपुर (छ0ग0)

–:: आवेदन पत्र का प्रारूप ::–

जिस पद के लिए आवेदन किया जा रहा है,
का पदनाम.....

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत नारायणपुर

1. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) :.....
   (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :.....
2. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) :.....
   (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :.....
3. लिंग (पुरूष/महिला) :.....
4. जन्म तिथि (अंकों में) वर्ष.....माह.....दिन.....
   (शब्दों में) :.....
5. दिनांक 01.10.2015 को आयु :.....
6. जाति/वर्ग (अजजा/अजा/अपिव/अनारक्षित) :.....
7. शैक्षणिक योग्यता/तकनीकी दक्षता की जानकारी (पद के लिए न्यूनतम योग्यता से शुरू करें)

क्र.	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	बोर्ड/वि.वि./संस्था कानाम	उत्तीर्ण करने का वर्ष	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1							
2							
3							
4							
5							
6							

8. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन का विवरण

क) रोजगार कार्यालय का नाम :.....

ख) प्रथम पंजीयन क्रमांक व दिनांक :.....

ग) नवीनीकरण कराये जाने की तिथि :.....

घ) अगली नवीनीकरण कराए जाने की तिथि :.....

9. क्या छ.ग. के मूल निवासी है :.....

10. जिले का नाम :.....

11. स्थायी पता :.....

:.....

:.....

12. पत्र व्यवहार का पूरा पता :.....

:.....

:.....

:.....

फोन/मोबाईल नम्बर :.....

13. कार्यानुभव (अनुभव प्रमाण पत्र व आदेश की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

क0.	विभाग का नाम	पदनाम	अवधि

12. क्या आप विकलांग है। :.....

13 क्या उम्मीदवार विवाहित है (हां/नही) :.....

14. यदि विवाहित है तो विवाह का तिथि :.....

15. जीवित बच्चों की संख्या :.....

16. क्या आप आयु सीमा में छूट का दावा करते है यदि हो तो।

कितने वर्ष की :.....

संलग्न सत्यापित छायाप्रतियों की सूची :–

1..... 2.....

3..... 4.....

5..... 6.....

7..... 8.....

9..... 10.....

घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत सभी जानकारी पूर्णतः सत्य है, इसमें कोई जानकारी गलत/असत्य पाए जाने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरूद्व कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी। इन परिस्थितियों में नियुक्तिकर्ता अधिकारी को बिना बताए मेरे आवेदन /चयन नियुक्ति को निरस्त करने का अधिकार होगा एवं उसका निर्णय मुझे मान्य होगा ।

दिनांक –

स्थान –

आवेदक के हस्ताक्षर

(नाम एवं पूर्ण पता)